आरईसी
REC
असीमित ऊर्जा, अनन्त संभावनाएं
Endless energy. Infinite possibilities.
महारत्न कंपनी

**REC Limited | आरईसी लिमिटेड**

(भारत सरकार का महारत्न उद्यम) (A Maharatna Government of India Enterprise)
पंजीकृत कार्यालयः कोर–4, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003
कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट नं. आई–4, इफको चौक मेट्रो स्टेशन के पास,सेक्टर–29, गुरुग्राम–122001(हरियाणा)
दूरभाषः +91 124 444 1300 | वेबसाइटः www.recindia.nic.in
सीआईएनः L40101DL1969GOI005095 | जीएसटी नं.: 06AAACR4512R3Z3

एसईसी-1/187(2)/2024/2014 दिनांक: 26 अक्टूबर, 2024

| | |
|---|---|
| **लिस्टिंग विभाग,**<br>**नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड**<br>**एक्सचेंज प्लाजा, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,**<br>**बांद्रा (पूर्व), मुंबई - ४०० ०५१** | **कॉर्पोरेट संबंध विभाग,**<br>**बीएसई लिमिटेड**<br>**पहली मंजिल, फिरोज जीजीभोय टॉवर्स,**<br>**दलाल स्ट्रीट, फोर्ट, मुंबई - ४०० ००१** |
| **स्क्रिप कोड-RECLTD** | **स्क्रिप कोड-532955** |
| **Listing Department,**<br>National Stock Exchange of India Limited<br>Exchange Plaza, Bandra kurla Complex,<br>Bandra (East), **Mumbai-400 051** | **Corporate Relationship Department,**<br>BSE Limited<br>1st Floor, Phiroze Jeejeebhoy Towers,<br>Dalal Street, Fort, **Mumbai - 400 001** |
| **Scrip Code-RECLTD** | **Scrip Code-532955** |

**विषय: अनुषंगी कंपनियों के निगमन की सूचना।**

महोदय/महोदया,

30 सितंबर, 2024 के हमारे पत्र की निरंतरता में और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 की अनुसूची **III** के साथ पठित विनियम 30 के अनुसार, यह सूचित किया जाता है कि बनासकांठा ट्रांसको लिमिटेड (सीआईएन: 'U42202DL2024GOI1438166) को आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड ("आरईसीपीडीसीएल") (आरईसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी के रूप में निगमित किया गया है। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(87) के प्रावधानों के अनुसार उक्त कंपनी आरईसी लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी भी है। अन्य अपेक्षित विवरण इसके साथ **अनुलग्नक-1** के रूप में संलग्न हैं।

यह आपकी जानकारी के लिए है।

धन्यवाद,

भवदीय,

Jyoti Shubhra Amitabh

(जे. एस. अमिताभ)
कार्यकारी निदेशक और कंपनी सचिव

संलग्न: उपरोक्तानुसार

---

**क्षेत्रीय कार्यालय :** बेंगलुरु, भोपाल, भुवनेश्वर, चेन्नई, देहरादून, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, पंचकूला, पटना, रायपुर, रांची, शिलांग, शिमला, तिरुवनंतपुरम और विजयवाड़ा
**राज्य कार्यालय :** वडोदरा, वाराणसी
**प्रशिक्षण केंद्र :** आरईसी इंस्टीट्यूट ऑफ पावर मैनेजमेंट एंड ट्रेनिंग (आरईसीआईपीएमटी), हैदराबाद

**अनुलग्नक-1**

**"बनासकांठा ट्रांसको लिमिटेड" नामक पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी का निगमन"**

| क्र. सं. | विवरण | ब्यौरा |
|---|---|---|
| 1. | लक्षित एंटिटी का नाम, संक्षिप्त विवरण जैसे आकार, टर्नओवर आदि | नाम: बनासकांठा ट्रांसको लिमिटेड<br>अधिकृत पूंजी: ₹5,00,000/-<br>चुकता पूंजी: ₹5,00,000/-<br>टर्नओवर: लागू नहीं (यह एक नई निगमित कंपनी है और अभी तक अपना कारोबार शुरू नहीं किया है)।<br><br>केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, भारत सरकार ने दिनांक 25 सितंबर, 2024 की राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से एक पारेषण परियोजना आवंटित की थी, जिसमें आरईसीपीडीसीएल को बनासकांठा (राघनेस्डा) पीएस (जीआईएस) में परिवर्तन क्षमता के विस्तार से बिजली की निकासी हेतु पारेषण योजना के लिए बोलीदाता के चयन के उद्देश्य से बोली प्रक्रिया समन्वयक (बीपीसी) के रूप में कार्य करने के लिए नियुक्त किया गया है।<br><br>उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, बनासकांठा ट्रांसको लिमिटेड को 25 अक्टूबर, 2024 को निगमित किया गया है। टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) दिशानिर्देशों के अनुसार सफल बोलीदाता के चयन के बाद, उक्त कंपनी को सभी परिसंपत्तियां और देयताओं के साथ सफल बोलीदाता को स्थानांतरित कर दी जाएगी। |
| 2. | क्या अधिग्रहण संबंधित पार्टी लेन-देन के अंतर्गत आएगा और क्या प्रमोटर/प्रमोटर समूह/समूह कंपनियों का अधिग्रहण की जा रही एंटिटी में कोई रुचि है?<br><br>यदि हाँ, तो रुचि की प्रकृति और उसका विवरण और क्या यह कार्य "आर्म्स लेंथ" पर किया गया है | बनासकांठा ट्रांसको लिमिटेड, आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (आरईसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है, इसलिए यह आरईसी लिमिटेड की एक संबंधित पार्टी है।<br><br>प्रवर्तक, प्रवर्तक समूह/समूह कंपनियों की शेयरधारिता की सीमा को छोड़कर बनासकांठा ट्रांसको लिमिटेड में कोई रुचि नहीं है। |
| 3. | जिस उद्योग से अधिग्रहण की जा रही एंटिटी संबंधित है | विद्युत क्षेत्र |
| 4. | अधिग्रहण के उद्देश्य और प्रभाव (लक्षित एंटिटी के अधिग्रहण के कारणों का प्रकटीकरण, यदि उसका कारोबार सूचीबद्ध एंटिटी के कारोबार की मुख्य धारा से बाहर है, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है) | कंपनी को बनासकांठा (राघनेस्डा) पीएस (जीआईएस) में परिवर्तन क्षमता के विस्तार से बिजली की निकासी हेतु पारेषण योजना के लिए निगमित किया गया है। |
| 5. | अधिग्रहण के लिए आवश्यक किसी भी सरकारी या नियामक अनुमोदन का संक्षिप्त विवरण | केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, भारत सरकार द्वारा जारी दिनांक 25 सितंबर, 2024 की राजपत्र अधिसूचना के अनुसार निगमित किया गया, जिसमें आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड को बोली प्रक्रिया समन्वयक के रूप में नामित किया गया है। |
| 6. | अधिग्रहण पूरा करने के लिए सांकेतिक समय अवधि | लागू नहीं। |
| 7. | प्रतिफल की प्रकृति - चाहे नकद प्रतिफल हो या शेयर स्वैप और उसका विवरण | नकद में इक्विटी शेयर पूंजी की 100% सब्सक्रिप्शन। |

| | | |
|---|---|---|
| 8. | अधिग्रहण की लागत या वह कीमत जिस पर शेयर खरीदे जाते हैं | अंकित मूल्य पर इक्विटी शेयर का 100% सब्सक्रिप्शन। |
| 9. | शेयरधारिता/अधिग्रहीत नियंत्रण का प्रतिशत और/या अर्जित शेयरों की संख्या | 100% |
| 10. | उत्पादों/कारोबार के क्षेत्र, निगमन की तिथि, पिछले 3 वर्षों के टर्नओवर का इतिहास, जिस देश में अधिग्रहीत एंटिटी की उपस्थिति है और कोई अन्य महत्वपूर्ण जानकारी (संक्षेप में) के संदर्भ में अधिग्रहीत इकाई के बारे में संक्षिप्त पृष्ठभूमि | आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (आरईसीपीडीसीएल) अन्य बातों के साथ-साथ समय-समय पर विद्युत मंत्रालय, केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण और राज्य सरकारों द्वारा प्रदान स्वतंत्र इंटर-स्टेट और इंट्रा-स्टेट पारेषण परियोजना के लिए टीबीसीबी प्रक्रिया के माध्यम से पारेषण सेवा प्रदाता के चयन के लिए "बोली प्रक्रिया समन्वयक" के रूप में कार्य करती है। |